उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 27.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 26.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 27.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 27.05.2024 को शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा

इस दौरान महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और विभिन्न परिस्थियों पर उनके सहायतार्थ जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी



डायल-112 मुख्यालय से जनपद महोबा को प्राप्त 09 नये पीआरवी वाहनों को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, महोबा पुलिस डायल-112 में शामिल हुए 09 नये पीआरवी वाहन।

आज दिनांक 27.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा मुख्यालय डायल-113 से जनपद महोबा को प्राप्त 09 नये पीआरवी वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया है। जनपद महोबा में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आपाताकालीन पुलिस सेवा के और प्रभावी तथा बेहतर बनाने हेतु डायल-112 मुख्यालय से जनपद महोबा को 07 नये चार-पहिया वाहन (स्कार्पियो) तथा 02 दो-पहिया वाहन प्राप्त हुए हैं। पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा विधिवत हरी झण्डी दिखाते हुए पीआरवी वाहनों को रवाना किया गया है।

जनपद महोबा में डायल-112 में नये पीआरवी वाहनों के शामिल होने व जनपद में इनके संचरण से जनपद महोबा में अपराध नियंत्रण में काफी मदद् मिलेगी साथ ही आपातकालीन पुलिस सेवा और बेहतर तथा प्रभावाशाली होगी। नये पीआरवी वाहनों के आऩे से तैनात पीआरवी वाहनो की सघनता में वृद्धि होगी, जिससे निश्चित रुप से पीडितों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी साथ ही घटना स्थल पहुंचने में रिस्पांस टाइम को भी काफी कम करने में मदद मिलेगी।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, प्रभारी यू.पी.112 महोबा श्री शिवपाल सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार राय, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार, प्रभारी परिवहन शाखा श्री भानु प्रकाश सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के दृष्टिगत राजकीय पॉलीटेक्निक, महोबा अवस्थित स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

आज दिनांक 27.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 की 47-हमीरपुर/महोबा संसदीय क्षेत्र के लिये जनपद महोबा में बनाये गये स्ट्रांगरुम एवं मतगणना स्थल- राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज महोबा का भ्रमण कर स्ट्रांगरुम की सुरक्षा व्यवस्था व मतगणना के दौरान जनसमूह को नियन्त्रित करने के लिये सम्बन्धित को बैरिकेटिंग कर पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्ट्रांग रूम में सुरक्षात्मक उपायो के संबंध में बारीकी से समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की गई एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मतगणना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण कर लें।

निरीक्षण के दौरान मानचित्र के माध्यम से स्ट्रांगरूम में आने जाने वाले रास्तो एवं मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरों, यातायात एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था में मानक के अनुसार प्रभावी पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम्, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर महोबा श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार राय, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।